फर्द अहकाम

न्यायालय सहायक कलक्टर (SDO) मावली, उदयपुर

प्रार्थी : श्रीमती भंवरकुंवर — **विपक्षी : श्री प्रेमदेवी**

किस्म मुकदमा –212 रा.का. अधिनियम — **पत्रावली संख्या : 114/24**

जीसीएमएस : 2024/425

कमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक : 28.10.2024 पत्रावली अधिवक्ता प्रार्थीया मय प्रार्थीया द्वारा प्रार्थना पत्र तलबी मय वाद विड्रो का पेश करने पर तलब की गई। पत्रावली का अवलोकन किया गया। अधिवक्ता प्रार्थीया मय स्वयं प्रार्थीया द्वारा उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र तलबी मय विड्रो का पेश कर प्रकरण को इसी स्तर पर विड्रो किये जाने का निवेदन किया। अधिवक्ता प्रार्थीया मय स्वयं प्रार्थीया को प्रार्थना पत्र वाद विड्रो पर सुना गया तथा प्रार्थना पत्र वाद विड्रो को पढकर अधिवक्ता प्रार्थीया मय प्रार्थीया को सुनाया गया। जिसे सुन समझकर सही होना स्वीकार किया। प्रार्थीया की पहचान अधिवक्ता प्रार्थीया द्वारा की गई। चूंकि अधिवक्ता प्रार्थीया मय प्रार्थीया अब इस प्रकरण में कोई कार्यवाही नहीं चाहते हैं तथा इसी स्तर पर विड्रो कर खारिज करवाना चाहते हैं। ऐसे में प्रकरण को आगे चलाये जाने का कोई औचित्य नहीं हैं। अतः प्रार्थीया द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र विड्रो का स्वीकार किया जाकर प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 212 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम का इसी स्तर पर विड्रो फरमाया जाकर खारिज किया जाता हैं। पत्रावली फैसल शुमार होकर मूल वाद के साथ संलग्न रहे। निर्णय खुले न्यायालय सुनाया गया। **(रमेश सीरवी पुनाडिया R.A.S.)** **सहायक कलक्टर** **(SDO) मावली**	

Signature Not Verified

Digitally signed by Ramesh Sirvi Punadia
Date: 2024.11.07 17:36:41 IST
Reason: SelfAttested